# उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर

## प्रशासकीय परिषद्

### बीसवीं बैठक दिनांक 20–08–2020

### कार्यवृत्त

प्रशासकीय परिषद् की दिनांक 20–08–2020 को ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न बीसवीं बैठक में निम्न सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

| कमांक | सदस्य का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | इंजी0 सुशील कुमार गुप्ता,<br>माधुर्य–626 बी0 गांधी नगर, सिविल लाइन्स, रायबरेली, (यू0पी0) | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 विनय कुमार पाठक,<br>मा0 कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | श्री सुनील चौधरी, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 जे0पी0 सैनी,<br>मा0 कुलपति, एन0एस0यू0टी0, द्वारका, दिल्ली–110078 | सदस्य |
| 5. | प्रो0 अश्विनी कुमार अग्रवाल,<br>विभागाध्यक्ष, टेक्सटाइल एंड फाइबर इंजी0 विभाग आई0आई0टी0, दिल्ली–110016 | सदस्य |
| 6. | श्री मनोज कुमार,<br>निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | डा0 शिखा सिंह,<br>एसोसिएट प्रोफेसर, सी0एस0जे0एम0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | डा0 अनिल कुमार,<br>स्टेट प्रोजेक्ट एडवाइजर,टेकिप–।।।, उ0प्र0, लखनऊ। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 ए0के0 पात्रा,<br>प्रोफेसर टेक्सटाइल केमिस्ट्री विभाग, यूपीटीटीआई, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 के0एल0 महावर,<br>प्रोफेसर, लाइब्रेरी साइंस, बाबा भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय,<br>विद्या विहार, रायबरेली रोड, लखनऊ–226025 | सदस्य |
| 11. | प्रो0 रघुराज सिंह, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | श्री अजय जौहरी, उपनिदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर। | प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग |
| 13. | प्रो0 मुकेश कुमार सिंह,<br>निदेशक, उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य सचिव |

सर्वप्रथम प्रशासकीय परिषद के सदस्य सचिव द्वारा परिषद के अध्यक्ष इंजी0 सुशील कुमार गुप्ता जी से 20वीं बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्राप्त कर बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की। अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया तथा बैठक की कार्यवाही आगे बढ़ाने की अनुमति प्रदान की।

सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद
उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिक संस्थान
कानपुर

**20.01 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 25 जून, 2020 को सम्पन्न उन्नीसवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 25–06–2020, को सम्पन्न उन्नीसवी बैठक के कार्यवृत का प्रशासकीय परिषद ने सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया।

**20.02 उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान की प्रशासकीय परिषद की उन्नीसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 25–06–2020, को सम्पन्न उन्नीसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का प्रशासकीय परिषद ने अवलोकन किया एवं कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया।

**20.03 कोविड–19 जनित महामारी की स्थिति के दौरान संस्थान की शिक्षण–प्रशिक्षण की गतिविधियों से मा0 प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद ने कोविड–19 जनित महामारी की स्थिति के दौरान संस्थान की शिक्षण–प्रशिक्षण की गतिविधियों की सराहना की। प्रशासकीय परिषद द्वारा TEQIP-III या DDU QIP जिसमें भी धन उपलब्ध हो इन्टरेक्टिव टैब कय करने का निर्देश प्रदान किया।

**20.04 मा0 न्यायालयों में योजित/विचाराधीन एवं लम्बित वादों से परिषद को अवगत कराये जाने का प्रस्ताव।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा मा0 न्यायालयों में योजित/विचाराधीन एवं लम्बित वादों का अवलोकन किया एवं सुझाव दिया कि जिन वादों में प्रतिशपथ पत्र शासन के स्तर से लम्बित है उन वादों में शासन से प्रभावी रूप से वार्ता कर प्रतिशपथ पत्र दाखिल कराये जाये।

**20.05 संस्थान में ए0के0टी0यू0 द्वारा संचालित पं0 दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यकम में हुई प्रगति से अवगत कराने एवं आगामी सत्र में की जाने वाली कार्यवाही पर अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान में ए0के0टी0यू0 द्वारा संचालित पं0 दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यकम में हुई प्रगति से अवगत हुई एवं आगामी सत्र में प्रस्तावित प्रस्तावों पर अनुमोदन प्रदान किया।

सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद
उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिक संस्थान
कानपुर

| A. Soft Component | | |
|---|---|---|
| Sl No | Name of Item | Total estimated cost (lac Rs) |
| 1 | Research Project on Developing PPE KITS<br>• Developing N95 level or better mask to fight against viral governed pandemic along with creation of Mask Testing Facility<br>• Developing Personnel Protective Equipment Kit for Health Care Workers of Viral Pandemic Hospitals and Functional dress for Police Personals to work under Viral Infected Areas along with creation of PPE kit Testing Facility.<br>Prof. Mukesh Kumar Singh Dr S Maity and Dr. Suprio Chakroborty | 87.00 |
| 3 | Online (Virtual) Teaching Learning and Classroom smart technological Setup including networking. | 82.00 |
| 5 | Establishment of Language Lab for 30 systems as per AICTE Norms (Soft Component Part) | 05.00 |
| 6 | Sanitization Project for In Campus Sanitisation arrangements against Covid-19 | 7.00 |
| Total A (Soft Component) | | 181.00 |
| **B. Hard Component** | | |
| 1 | नए अकादमिक ब्लॉक के द्वितीय तल पर अध्ययन कक्षों का निर्माण। | 300.02 |
| 3 | Establishment of Language Lab for 30 systems as per AICTE Norms (Hard Component Part) | 18.98 |
| Total B (Hard Component) | | 319.00 |
| **Total (A+B)** | | **500.00** |

## 20.06 TEQIP-III के अन्तर्गत की गयी कृत कार्यवाही के अवलोकन एवं नवीन प्रस्तावों के अनुमोदन का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद द्वारा TEQIP-III के अन्तर्गत की गयी कृत कार्यवाही का अवलोकन किया, नवीन प्रस्तावों का अनुमोदन प्रदान किया एवं टेकिप–।।। कार्यालय के कार्मिकों एवं टेकिप संकाय सदस्यों को आगामी ग्यारह माह अथवा टेकिप प्रोजेक्ट समाप्त होने या इनमें से जो भी पहले हो तक इंगेज करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

## 20.07 संस्थान के निदेशक का कार्यकाल ए0आई0सी0टी0ई0 की अधिसूचना 01–03–2019 के अनुसार पॉच वर्ष किये जाने का प्रस्ताव।

निदेशक की चयन की प्रकिया प्रारम्भ किये जाने अथवा वर्तमान निदेशक डा0 मुकेश कुमार सिंह के 14–12–2020 को समाप्त होने वाले कार्यकाल को दृष्टिगत रखते हुये प्रस्ताव का संज्ञान लिया गया तथा यह संस्तुति की गयी कि शासन से यथोचित निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त प्रशासकीय परिषद डा0 मुकेश कुमार सिंह के कार्यकाल पर ए0आई0सी0टी0ई0 की 01.03.2019 की अधिसूचना के दृष्टिगत निर्णय

सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद
...प्रौद्योगिक संस्थान

लेगी। साथ ही शासन के पत्र सं0–16–1099/179/2020 दिनांक 30.07.2020 जोकि प्रशासकीय परिषद के अध्यक्ष को निदेशक पद की चयन प्रकिया प्रारम्भ करने से संबंधित है एवं अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा के 19.08.2020 के आदेश के कम में निदेशक पद हेतु विज्ञापन करने का भी निर्णय लिया।

## 20.08 संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यो की अद्यतन स्थिति से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।

संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यों की अद्ययतन स्थिति से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई।

## 20.09 संस्थान की प्रयोगशालाओं को विभागवार वितरित कर संबंधित विभागाध्यक्ष के अधिकाराधीन करने का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान की विभिन्न प्रयोगशाला से संबंधित कय एवं अन्य सभी कार्यो जैसेः प्रयोगशाला का सफल संचालन, उस प्रयोगशाला से संबंधित कार्मिकों से संबंधित दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया।

| क0सं0 | प्रयोगशाला का नाम | प्रभारी जिसके अधीन प्रयोगशाला कार्य करेगी एवं उस प्रयोगशाला से संबंधित कय एवं अन्य सभी कार्यो जैसेः प्रयोगशाला का सफल संचालन, उस प्रयोगशाला से संबंधित कार्मिकों से संबंधित दायित्वों का निर्वहन होगा। |
|---|---|---|
| 01. | डाई हाउस–1 | विभागाध्यक्ष टेक्सटाइल केमिस्ट्री |
| 02. | डाई हाउस–2 | विभागाध्यक्ष टेक्सटाइल केमिस्ट्री |
| 03. | इनोवेशन इनक्यूबेशन सेन्टर (आई0आई0सी0) प्रयोगशाला | विभागाध्यक्ष टेक्सटाइल केमिस्ट्री |
| 04. | स्पिनिंग प्रयोगशाला (यू0जी0 तथा पी0जी0) | विभागाध्यक्ष टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी |
| 05. | वीविंग तथा निटिंग प्रयोगशाला | विभागाध्यक्ष टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी |
| 06. | केन्द्रीय कार्यशाला (कार्यशाला) | वरिष्ठ संकाय सदस्य मैकेनिकल इंजीनियरिंग |
| 07. | टेक्सटाइल टेस्टिंग प्रयोगशाला (यू0जी0 तथा पी0जी0) | विभागाध्यक्ष टेक्सटाइल इंजीनियरिंग |
| 08. | एप्लाइड मैकेनिक्स | वरिष्ठ संकाय सदस्य मैकेनिकल इंजीनियरिंग |
| 09. | केमिस्ट्री लैब | वरिष्ठ संकाय सदस्य केमिस्ट्री |
| 10. | भौतिकी लैब | वरिष्ठ संकाय सदस्य भौतिकी |
| 11. | इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग लैब | विभागाध्यक्ष इंजीनियरिंग |
| 12. | कम्प्यूटर सेन्टर | विभागाध्यक्ष इंजीनियरिंग |
| 13. | लैंग्वेज लैब | विभागाध्यक्ष इंजीनियरिंग |
| 14. | कैड लैब | विभागाध्यक्ष टेक्सटाइल इंजीनियरिंग |
| 15. | आई0ओ0टी0 लैब | विभागाध्यक्ष इंजीनियरिंग |
| 16. | मैन मेड फाइबर टेक्नोलॉजी लैब | विभागाध्यक्ष मैन मेड फाइबर टेक्नोलॉजी |
| 17. | इलैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग लैब | विभागाध्यक्ष इंजीनियरिंग |
| 18 | टिंकरिंग लैब | विभागाध्यक्ष इंजीनियरिंग |

सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद
उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिक संस्थान
कानपुर

**20.10 संस्थान की प्रशासकीय परिषद में नामित नये सदस्य डा0 शिखा सिंह जी से परिषद को परिचय कराने का प्रस्ताव।**

डा0 शिखा सिंह जी का मा0 प्रशासकीय परिषद से परिचय कराया गया।

**20.11 संस्थान की डा0 आभा भार्गव, (प्रो0 सेवानिवृत्त) के अन्तिम देयक (जी0 आई0 एस0 एवं नगदीकरण) के प्रकरण पर विचार किये जाने का प्रस्ताव।**

मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव पर विचार विमर्श कर निर्णय प्रदान किया कि प्रो0 आभा भार्गव के शेष देयक (लीव इन कैशमेन्ट) के भुगतान एवं उनसे संबंधित मा0 न्यायालय में लम्बित याचिकाओं एवं निर्णयों पर विचार कर सुस्पष्ट संस्तुति प्रदान करने हेतु समिति का गठन किया। समिति से अपेक्षा की कि समिति दो सप्ताह के अन्दर अपनी संस्तुति मा0 अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद को उपलब्ध कराये। वित्त विभाग के प्रतिनिधि श्री अजय जौहरी जी के सुझाव कि जी0आई0एस0 का भुगतान कर दिया जाय, पर परिषद ने अनुमोदन प्रदान किया। लीव इन कैशमेन्ट के भुगतान पर संस्तुति प्रदान करने हेतु गठित समिति निम्नानुसार हैः–

1– श्री अजय जौहरी, उपनिदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर – अध्यक्ष
2– श्री श्रीगोपाल तुलस्यान–सदस्य प्रशासकीय परिषद – सदस्य
3– डा0 शिखा सिंह, सदस्य प्रशासकीय परिषद – सदस्य

डा0 मुकेश कुमार सिंह, समिति के कार्य को पूर्ण कराने हेतु प्रस्तुतकर्ता अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

**20.12 संस्थान की भवन निर्माण समिति का संस्थान के बायलॉज के अनुसार पुनः पृष्ठांकन का प्रस्ताव।**

संस्थान की भवन निर्माण समिति का संस्थान के बायलॉज के अनुसार पुनः पृष्ठांकन के प्रस्ताव पर मा0 प्रशासकीय परिषद ने अनुमोदन प्रदान किया।

संस्थान के बायलॉज के अनुसार भवन निर्माण समिति की संरचना निम्नानुसार रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| 1- | संस्थान के निदेशक | –चेयरमैन |
| 2- | जोन के चीफ इंजीनियर पी0डब्ल्यू0डी0 | – सदस्य |
| 3- | कार्यदायी संस्था के जनरल मैनेजर | – सदस्य |
| 4- | सिस्टर संस्थान के स्ट्रक्चरल इंजी0 के प्रोफेसर | – सदस्य |
| 5- | संस्थान के संकाय सदस्य (सिविल प्रभारी) | – सदस्य |
| 6- | कुलसचिव, संस्थागत | – सदस्य सचिव |

सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद
उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिक संस्थान
कानपुर

पी0डब्ल्यू0डी0 के चीफ इंजीनियर, कार्यदायी संस्था के जनरल मैनेजर को अपने प्रतिनिधि नामित करने की अनुमति प्रदान की जाती है। कुलसचिव की अनुपस्थिति में उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव को सदस्य सचिव के रूप में कार्य करने की अनुमति के प्रस्ताव को भी अनुमोदन प्रदान किया गया जिससे अनावश्यक विलम्ब से बचा जा सके।

**20.13 संस्थान की मेन्टरशिप हेतु निदेशक, आई0आई0टी0, नई दिल्ली के सहमत होने के निर्णय से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।**

मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव की सराहना की।

**20.14 संस्थान की एकेडमिक कौंसिल की सातवीं बैठक के कार्यवृत्त के मा0 परिषद द्वारा अवलोकन एवं अनुमोदन का प्रस्ताव।**

संस्थान की एकेडमिक कौंसिल की सातवीं बैठक के कार्यवृत्त का मा0 परिषद द्वारा अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया।

**20.15 संस्थान के छात्र–छात्राओं को GATE, EMPLOYBILITY TRAINING, SOFT SKILL TRAINING, PERSONALITY DEVELOPMENT TRAINING की सुविधा टेकिप–।।। के अन्तर्गत GEM के माध्यम से प्राप्त करने का प्रस्ताव।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के छात्र–छात्राओं को GATE, EMPLOYBILITY TRAINING, SOFT SKILL TRAINING, PERSONALITY DEVELOPMENT TRAINING की सुविधा टेकिप–।।। के अन्तर्गत GEM के माध्यम से प्राप्त करने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया एवं निर्देश दिया कि सेवा प्रदाता के द्वारा छात्रों को इंटरनेट डाटा भी उपलब्ध कराया जाना उचित होगा।

**20.16 संस्थान के महिला छात्रावास(प्रो0 पुष्पा बजाज छात्रावास) हेतु केयर टेकर एवं पुस्तकालय हेतु पुस्तकालय लिपिक को सेवा प्रदाता जैम के माध्यम से इंगेज करने का प्रस्ताव।**

मा0 प्रशासकीय परिषद ने प्रो0 पुष्पा बजाज छात्रावास हेतु केयर टेकर एवं पुस्तकालय हेतु पुस्तकालय लिपिक को सेवा प्रदाता जैम के माध्यम से इंगेज

सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद
उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिक संस्थान
कानपुर

करने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की एवं निर्देश दिया कि पुस्तकालय लिपिक को ऑनलाइन फीडिंग का ज्ञान होना आवश्यक है।

**20.17 संस्थान के सहायक प्रोफेसर डा0 शुभांकर मैति द्वारा आई0आई0टी0, दिल्ली में सहायक प्रोफेसर के पद हेतु अपने आवेदन पत्र को अग्रसारित किये जाने का अनुरोध किया है। डा0 मैति के प्रार्थना पत्र पर विचार करने का प्रस्ताव।**

प्रशासकीय परिषद ने डा0 शुभांकर मैति के आवेदन पत्र को अग्रसारित किये जाने की अनुमति प्रदान की। इसके साथ ही निर्देश प्रदान किया कि एक सुस्पष्ट प्रस्ताव प्रशासकीय परिषद में प्रस्तुत किया जाय जिसमें स्पष्ट हो कि एक समय में कितने संकाय सदस्यों के प्रार्थना पत्र अग्रसारित किये जा सकते हैं।

**20.18 अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद की अनुमति से निम्न प्रस्ताव पर विचार किया गया।**

(अ) अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग के प्रतिनिधि श्री अजय जौहरी, उपनिदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर ने प्रस्ताव रखा कि प्रशासकीय परिषद की बैठकों में प्रतिभाग करने वाले सभी सदस्यों या उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि (जिनको नामित करने की अनुमति प्राप्त है) को बैठक का मानदेय रू0 3000/- प्रदान किया जाना उचित रहेगा। आनलाइन बैठकों की स्थिति में रू0 100/- डाटा खर्च अतिरिक्त प्रदान किया जायेगा।

प्रशासकीय परिषद ने ध्वनिमत से प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

प्रशासकीय परिषद की 20वीं बैठक सदस्य सचिव के धन्यवाद प्रस्ताव एवं अध्यक्ष महोदय के आर्शीवचन के साथ सम्पन्न हुई।

| | | |
|---|---|---|
| (डा0 मुकेश कुमार सिंह)<br>निदेशक एवं सदस्य सचिव<br>प्रशासकीय परिषद<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>सदस्य सचिव<br>प्रशासकीय परिषद<br>उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिक संस्थान<br>कानपुर | (श्री सुनील चौधरी)<br>विशेष सचिव एवं<br>प्रतिनिधि उपाध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद<br>उपाध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी, संस्थान, कानपुर | (श्री सुशील कुमार गुप्ता)<br>अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी<br>संस्थान<br>अध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद<br>उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान<br>11/208, सूटरगंज, कानपुर |